प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
19.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–राज्य का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित कर रही है सरकार।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल हिमाचल दौरे पर रहेंगे–कांगड़ा जिला के सपड़ी में सशस्त्र सीमा बल के स्थापना दिवस समारोह में करेंगे शिरकत।
- ग्रामीण विकास मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने शिमला में प्रदेश के पहले आधार सेवा केंद्र का किया लोकार्पण।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर तबादला माफिया और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का लगाया आरोप
- चंबा जिला की पांगी घाटी की तीन पंचायत के लोगों ने पुर्थी बस सेवा को जल्द बहाल करने की सरकार से की मांग।

सीएम

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार राज्य का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित कर रही है। कांगड़ा जिला के इंदौरा में चिट्टा मुक्त हिमाचल थीम पर आयोजित इंदौरा उत्सव के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने ये बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में रोजगार व स्वरोजगार के अनेक अवसर सृजित किए जा रहे हैं और जल्द ही राज्य चयन आयोग के माध्यम से विभिन्न पदों पर हजारों भर्तियां की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया है और चिट्टा तस्करों की संपत्ति को आगामी 6 माह में पूरी तरह नष्ट किया जाएगा।

सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मनरेगा को समाप्त कर उसकी जगह नया विधेयक लाने के लिए केंद्र सरकार के निर्णय की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना गरीब लोगों के लिए रोजगार का सहारा थी और इसे समाप्त करना गरीबों के हितों के साथ कुठाराघात है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने एंजल ऑर्फनेज होम के विद्यार्थियों से संवाद भी किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री चंद्र कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल एक दिवसीय हिमाचल दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान वे कांगड़ा जिला के ज्वालामुखी के सपड़ी स्थित एसएसबी प्रशिक्षण केंद्र में सशस्त्र सीमा बल के 62वें स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इस दौरान अमित शाह सशस्त्र सीमा बल के जवानों को वीरता पदक और विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक से सम्मानित करेंगे।

समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू भी मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अमित शाह सशस्त्र सीमा बल की परियोजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण भी करेंगे। केंद्रीय मंत्री के दौरे के देखते हुए ज्वालामुखी उपमंडल में प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। इस बीच आकाशवाणी शिमला द्वारा सपड़ी में होने वाले इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा।

<u>अनिरूद्ध सिंह</u>

ग्रामीण विकास व पंचायतीराज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने आज शिमला के कसुम्पटी में प्रदेश के पहले आधार सेवा केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पासपोर्ट सेवा केंद्र की तर्ज पर ही इस आधार सेवा केंद्र में लोगों को आधार संबंधी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के लिए तीन आधार सेवा केंद्र शिमला, मंडी और कांगड़ा के लिए स्वीकृत हुए हैं। उन्होंने कहा कि शिमला में स्थापित ये केंद्र हिमाचल का पहला सेवा केंद्र है। अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि इससे पहले आधार संबंधी कई सुविधाओं के लिए लोगों को चंडीगढ़ जाना पड़ता था।

<u>हर्ष महाजन</u>

राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर रेल परियोजनाओं के मामले में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा है कि सरकार के इस रवैये से हिमाचल को भारी नुकसान हो रहा है। हर्ष महाजन ने कहा कि भानुपल्ली–बिलासपुर–बैरी 63 किलोमीटर नई रेल लाईन के लिए प्रदेश में एक सौ 24 हैक्टेयर भूमि में से अभी तक प्रदेश सरकार केवल 82 हैक्टेयर भूमि ही उपलब्ध करवा पाई है जिससे परियोजना का कार्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि परियोजना पर अब तक पांच हजार दो सौ 52 करोड़ रूपए खर्च हो चुके हैं और लागत साझाकरण के अनुसार हिमाचल सरकार को दो हजार 7 सौ 11 करोड़ रूपए का योगदान देना था लेकिन राज्य सरकार ने केवल 8 सौ 47 करोड़ रूपए ही जमा करवाए हैं। हर्ष महाजन ने कहा कि कांग्रेस सरकार केंद्र पर आरोप लगाने की राजनीति करती है जबकि केंद्र ने हिमाचल के लिए रेलवे परियोजनाओं के लिए अभूतपूर्व बजट आवंटित किया है।

<u>मुकेश अग्निहोत्री</u>

उपमुख्य मंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि एच.आर.टी.सी ने आगामी दो महीने के भीतर 5 सौ पुरानी बसों को निगम के बेड़े से बाहर करने का निर्णय लिया है। आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि निगम ने कर्मचारियों और पैंशनरों के लम्बित भुगतन के लिए राशि जारी करने का भी फैसला लिया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि एच.आर.टी.सी में ओपीएस लागू कर दी गई है, जिसके तहत निगम के 9 हजार 99 कर्मचारियों को लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2016 से निगम के पैंशनरों के लम्बित बैकलॉग के भुगतान के लिए 23 करोड़ रूपए जारी किए गए हैं।

<u>जयराम ठाकुर</u>

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में राज्य सरकार के फैसले और सेवकों के स्थानांतरण जनहित के बजाय ठेकेदारों की सहूलियत के हिसाब से किए जा रहे हैं। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश में ठेकेदार सपोर्ट ट्रांसफर पॉलिसी चल रही है। नेता प्रतिपक्ष ने

कहा कि प्रदेश उच्च न्यायालय ने इस मनमानी पर रोक लगाकर सरकार के व्यवस्था परिवर्तन को आईना दिखाया है। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि प्रदेश में राज्य सरकार के संरक्षण में तबादला

माफिया और भ्रष्टाचार का बोलबाला है। नेता प्रतिपक्ष ने लोकसभा व राज्यसभा से विकसित भारत–रोज़गार और आजीविका मिशन गारंटी ग्रामीण जी राम जी विधेयक, 2025 पारित होने का स्वागत करते हुए इसे देश व समाज के हित में ऐतिहासिक कदम बताया है।

मांग

चंबा जिला के जनजातीय क्षेत्र पांगी घाटी की सौर पंचायत के उप प्रधान निहाल सिंह भारद्वाज और रेई पंचायत के उप प्रधान थाना लाल ने कहा है कि सुग्लवास शौर से किलाड़ के बीच एक ही बस सेवा होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा है कि एच.आर.टी.सी. सब डिपो किलाड़ के अड्डा प्रभारी ने पुर्थी पंचायत के कुलाल और मिन्धल बस सेवा बंद कर दी है, जिससे तीन पंचायतों के लोगों को एक ही बस में सफर करना पड़ रहा है। इन पंचायतों के उप प्रधानों ने राज्य सरकार व पांगी प्रशासन से पुर्थी बस सेवा को दोबारा शुरू करने की मांग की है।

सिकंदर कुमार

पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा है कि केंद्र सरकार ने इस वर्ष अक्तूबर माह में वन संरक्षण व संवर्धन अधिनियम 1980 के तहत शिमला शहर में नवोन्मेषी शहरी परिवहन निर्माण और क्रियान्वयन के लिए प्रदेश के रोपवे व त्वरित परिवहन प्रणाली विकास निगम के पक्ष में 6 दशमलव एक सौ 9 हैक्टेयर वन भूमि को वानिकी क्षेत्र के रूप में परिवर्तित किए जाने के लिए पहले चरण में सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान किया है। संसद में राज्यसभा सांसद व प्रदेश भाजपा महामंत्री डॉक्टर सिकंदर कुमार के एक सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने ये जानकारी दी। कीर्ति वर्धन सिंह ने बताया कि इस परियोजना का कार्यान्वयन राज्य सरकार द्वारा किए जा रहा है और इसी के अनुरूप रोजगार सृजन के लिए प्रदेश सरकार द्वारा पहले भी की जा रही है। इस बीच सिकंदर कुमार ने किन्नौर जिला में बारालाचा, जोत टनल निर्माण के विषय में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों के समग्र विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से ये परियोजना अत्यंत महत्वपूर्ण है। केंद्रीय मंत्री ने संबंधित अधिकारियों से परियाजनाओं की जानकारी ली और इसका निर्माण कार्य जल्द शुरू करने का आश्वासन दिया।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–राज्य का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित कर रही है सरकार।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल हिमाचल दौरे पर रहेंगे–कांगड़ा जिला के सपड़ी में सशस्त्र सीमा बल के स्थापना दिवस समारोह में करेंगे शिरकत।
- ग्रामीण विकास मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने शिमला में प्रदेश के पहले आधार सेवा केंद्र का किया लोकार्पण।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर तबादला माफिया और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का लगाया आरोप
- चंबा जिला की पांगी घाटी की तीन पंचायत के लोगों ने पुर्थी बस सेवा को जल्द बहाल करने की सरकार से की मांग।